/font>

14.04 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at four minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up Matters under Rue 377.

Shri Ratan Lal Kataria.

Title: Need to develop Adibadri in Ambala Parliamentary constituency, Haryana, as a tourist resort .

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बाला के अन्तर्गत सढौरा विधान सभा क्षेत्र में आदिबद्री स्थल को मां सरस्वती के उद्भव स्थल के रूप में पहचाना गया है। सैटेलाइट चित्रों से भी इस बात की पुटि हुई है कि कभी सरस्वती नदी आदि बद्री से निकल कुरुक्षेत्र, पेहवा व राजस्थान होती हुई गुजरात में जाकर समुद्र में विलीन हो रही है। माननीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री स्वयं इस स्थान का दौरा कर चुके हैं। मैं जानना चाहूंगा कि इस नदी में जल प्रवाह को शुरु करने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं? इस स्थल को विकसित करने के लिए क्या-क्या योजनायें सरकार ने बनाई हैं? माननीय मंत्री जी ने भी कुरुक्षेत्र में प्रथम दिसम्बर, 2003 को शुरु हुए गीता जयन्ती उत्सव के अवसर पर भी अपने संकल्प को दोहराया था कि वे इस स्थल का विकास करेंगे। मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वे इस विाय में एक वक्तव्य सदन में दें तथा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करें।